# पाठ - 22

# फिर चला काफिला

---

## बताओ

**Q1. क्या धनु के गाँव में सभी किसान अपनी जमीन पर काम करते थे?**

**उत्तर :** नहीं, धनु के गाँव में केवल कुछ ही किसानों को अपनी जमीन है। वहाँ के अधिकांश किसान बड़े किसानों की खेतों में काम करते हैं।

**Q2. धनु के परिवार के पास अपने गाँव में कब काम होता था और कब नहीं?**

**उत्तर :** धनु के परिवार के पास बरसात के शुरू होने से पहले से लेकर दशहरे तक काम होता है। बाकी के छः महीने या जब बरसात नहीं होती है उनके पास काम नहीं होता था।

**Q3. तुम कुछ परिवारों को जानते हो, जो खेती से जुड़े हैं, और जिन्हें काम के लिए कुछ महीने घर छोड़ना पड़ता है?**

**उत्तर :** हाँ, मेरे गाँव में बहुत से ऐसे लोग हैं जो कि काम की तलाश में कुछ महीनों के लिए शहरों में चले जाते हैं।

## सोचो और पता करो

**Q1. अगर धनु के गाँव के लोग अपना गाँव छोड़कर काम के लिए न जाएँ तो वहाँ उन्हें कैसी परेशानियाँ हो सकती हैं?**

**उत्तर :** यदि धनु के गाँव के लोग अपनी गाँव छोड़कर काम के लिए न जाएँ, तो वहाँ उन्हें काम नहीं मिलेगा तथा उनकी रोजी-रोटी, तथा अन्य कामों के लिए पैसे नहीं मिलेंगे।

**Q2. धनु के गाँव में जब बारिश नहीं होती तब खेती भी नहीं हो पाती। क्या बारिश के पानी के बिना भी कोई खेती की जा सकती है?**

**उत्तर :** हाँ, बारिश के बिना भी खेती की जा सकती है। सिंचाई के कई नये तरीके हैं, जैसे नहर, ट्यूब वेल, आदि के द्वारा सिंचाई के लिए आवश्यक पानी लिया जाता है।

## सोचो

**Q1. जब धनु का परिवार और गाँव के लोग काम के लिए दूसरी जगह जाते हैं तब कुछ लोग गाँव में ही रह जाते हैं। ऐसा क्यों होता होगा?**

**उत्तर :** जब धनु का परिवार और गाँव के लोग काम के लिए दूसरी जगह जाते हैं तब कुछ लोग गाँव में ही रह जाते हैं। जो कि अपने घर की रखवाली, घर के बुजुर्गों तथा पशुओं की देखभाल करते हैं।

**Q2. जब धनु और उसके जैसे कई बच्चे छः महीने तक गाँव छोड़कर चले जाते हैं, तब गाँव के स्कूल में क्या होता होगा?**

**उत्तर :** उस समय गाँव के स्कूलों में केवल बड़े किसानों के बच्चे ही पढ़ने जाते होंगे।

**Q3. तुम्हारे घर के लोग जब काम के लिए घर से बाहर जाते हैं तो बुजुर्गों और बीमारों की देखभाल के लिए घर में क्या इंतजाम होता है?**

**उत्तर :** मेरे घर में मेरी माँ काम पर नहीं जाती हैं, वे घर में ही रहकर घर की तथा अन्य लोगों की देखभाल करती हैं।

## सोचो और बताओ

**Q1. मामी क्यों चाहती हैं कि धनु साल भर स्कूल जाए, पढ़े और कुछ बने?**

**उत्तर :** मामी चाहती हैं कि धनु ठीक से पढ़ाई करे तथा बड़ा होकर उसे अच्छी नौकरी लग जाये जिससे कि वह स्वतंत्र रूप से अपना काम कर सके। मामी चाहती है कि अच्छे से पढ़ लिखकर धनु बड़ा तथा अमीर आदमी बने।

**Q2. जब तुम लंबे समय के लिए स्कूल नहीं जा पाते हो तो क्या होता है?**

**उत्तर :** जब मैं लम्बे समय तक स्कूल नहीं जा पाता हूँ, तो स्कूल में पढ़ाई आगे हो जाती है जिसे पूरा करने के लिए मुझे काफी मेहनत करनी पड़ती है तथा उसे समझने में काफी दिक्कत आती हैं।

## चर्चा करो और लिखो

**Q1. धनु छः महीनों के लिए जहाँ गाँववालों के साथ जाता है, वहाँ पढ़ाई का इंतजाम किया जा सकता है? कैसे?**

**उत्तर :** हाँ, धनु का वहाँ के स्कूल में नाम लिखाया जा सकता है। इसके अलावे वह संध्याकालीन स्कूलों में भी काम के बाद पढ़ाई कर सकता है।

**Q2. ऐसे कुछ और भी काम हैं जिनके लिए लोगों को कई महीनों तक अपने घरों से दूर रहना पड़ता है? किताब से और उदाहरण ढूँढ़ो और लिखो।**

**उत्तर :**ऐसे कई काम हैं जिनके लिए लोगों को कई महीनों तक अपने घरों से दूर रहना पड़ता है। जैसे

- सेना में काम
- मर्चेंट नेवी में काम
- बोर्डिंग स्कूल में पढ़ाई
- विदेशों में काम

**Q3. अलग-अलग किसानों के जीवन में क्या समानताएँ हैं और क्या फर्क हैं?**

**उत्तर :** समानताएँ

- अधिकांश किसान मुख्य रूप से खेती पर निर्भर रहते हैं।
- उनके परिवार के लगभग सभी सदस्य खेती करते हैं।
- वे लोग सिंचाई के लिए बारिश पर निर्भर होते हैं।
- उनमें अधिकांश कम पढ़े-लिखे हैं।
- अधिकांश किसान परंपरागत तरीकों से खेती करते हैं। फर्क (अंतर)
- कुछ किसानों को अपनी जमीन होती हैं।
- कुछ किसानों के घर के कम ही सदस्य खेती करते हैं तथा बाकी दूसरे कार्य।
- कुछ किसान अनपढ़ होते हैं तथा कुछ पढ़े लिखे।
- कुछ किसान आधुनिक तरीकों से खेती करते हैं?

## हम क्या समझे

**Q1. तुमने कई पाठों में अलग-अलग तरह के किसानों के बारे में पढ़ा। दी गई तालिका में उनके बारे में लिखो।**



**हम क्या समझे**

- तुमने कई पाठों में अलग-अलग तरह के किसानों के बारे में पढ़ा। दी गई तालिका में उनके बारे में लिखो।

| किसान का नाम | खुद की खेती (✓या ×) | क्या उगाते हैं | क्या परेशानियाँ आईं | और कुछ |
|---|---|---|---|---|
| दामजीभाई (पाठ.....) | | | | |
| हसमुख (पाठ.....) | | | | |

**उत्तर :**

| किसान का नाम | खुद की खेती | क्या उगाते हैं | क्या परेशानियाँ आईं | और कुछ |
|---|---|---|---|---|
| दामजीभाइ (पाठ 19) | ✓ | गेहूँ, ज्वार, बाजरा, धान इत्यादि | कम ऊपज, सिंचाई के लिए पानी की कमी, फसलों के कम मूल्य | वे घर के लिए आसानी से भोजन जुटा पाते थे। |
| हसमुख (पाठ 19) | ✓ | केवल वह चीजें जिनके बाजार में अच्छे मूल्य मिलते थे | मंहगे बीज, कृषि संयंत्रों के लिए लिये गये कर्ज पर ज्यादा ब्याज, मंहगे खाद | हसमुख के बेटे को कर्ज के कारण खेती छोड़कर ट्रक ड्राइवर बनना पड़ा। |